राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# देश की उपासना

जौनपुर से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष – 03 | अंक – 271 | जौनपुर | बुधवार, 21 मई 2025 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज – 4 | मूल्य – 2 रूपये

## डीएम की अध्यक्षता मे किसान दिवस का हुआ आयोजन

(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)

अयोध्या ।किसान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुण्डे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ ।इस मौके पर उन्होंने किसानों की समस्याओं पर बिन्दुवार चर्चा करके संबंधित अधि ाकारियों को गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने का निर्देश दिया ।किसानों की समस्याओं को रखते हुए मौजूद भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि उन्नतशील धान की बीज उपलब्ध ा कराया और वही बीज उपलब्ध कराया जाए जिसकी पैदावार खरीदने में सरकार को कोई दिक्कत न हो ।कहा कि एयरपोर्ट के विस्तार में जो विद्युत लाइन ध्वस्त की गई है, सरकारी पैसे से बनवाई जाए ।राजस्व कर्मियों के गलती के कारण तमाम गांव में अंश निर्धारण गलत ढंग से हो गया है ।जिसके कारण गलत बैनामा हो रहे हैं ।

### संक्षिप्त समाचार

## व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या, बहन समेत दो घायल

नई दिल्ली, (एजेंसी)। पुलिस ने बताया कि सोमवार को पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में 29 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जबकि उसकी बहन समेत दो अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान कवलजीत सिंह के रूप में हुई है। हमले में उसकी बहन बलजीत कौर (23) और कमल कुमार (47) घायल हो गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि करीब चार महीने पहले एक स्थानीय युवक ने बलजीत कौर के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार किया था। जवाबी कार्रवाई में कवलजीत ने उसे थप्पड़ मार दिया था, जिससे दोनों के बीच तनाव पैदा हो गया था। अधिकारी ने बताया कि रविवार को करीब 3रू15 बजे अस्पताल से एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान कई चाकू घोंपने के कारण दम तोड़ दिया है। वाणिज्य सचिव ल्यूटनिक से की मुलाकात जांच के दौरान पुलिस ने बलजीत का बयान दर्ज किया। उसने दावा किया कि उसके भाई को उसके घर के पास दो हमलावरों ने बार–बार चाकू घोंपा। उन्होंने बताया कि जब उसने और कमल ने बीच–बचाव करने की कोशिश की, तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया और भाग गए। मामला दर्ज कर लिया गया है। अधिकारी ने कहा, ष्एक नाबालिग को पकड़ा गया है। बाकी सह–आरोपियों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए टीमें गठित की गई हैं।

## ममता बनर्जी राष्ट्रहित के मुद्दों पर कर रहीं राजनीति

कोलकाता, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की वरिष्ठ नेता और विधायक अग्निमित्रा पॉल ने विदेश जाने वाले सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से सांसद यूसुफ पठान का नाम वापस लेने की निंदा करते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। अग्निमित्रा पॉल ने कहा, "पिछली बार की तरह इस बार भी सीएम ममता बनर्जी राजनीति से ऊपर नहीं उठ पाई। देश में कई गैर–भाजपाई दल हैं, जो अपने प्रतिनिधियों को इस महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल में भेज रहे हैं। यह गर्व का विषय है। कांग्रेस के शशि थरूर जैसे नेता भी इस मिशन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्हें भी शायद मना किया गया होगा, लेकिन उन्होंने देशहित को प्राथमिकता दी। यह प्रतिनिधिमंडल देश का प्रतिनिधि ात्व कर रहा है, न कि किसी पार्टी विशेष का। श्ऑपरेशन सिंदूरश के तहत भारत की आतंकवाद के खिलाफ मजबूत नीति को वैश्विक मंच पर रखने के लिए यह मिशन महत्वपूर्ण है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस का यह कदम उनकी प्राथमिकताओं को उजागर करता है।" अग्निमित्रा पॉल ने तृणमूल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, "यह स्पष्ट है कि तृणमूल कांग्रेस आतंकवाद के खिलाफ नहीं, बल्कि उसके साथ खड़ी है।

## एक भी नागरिक की जान गई तो घर में घुसकर मारेंगे : सीएम योगी



कासगंज, (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कासगंज पहुंच चुके हैं। वे करीब 11.27 बजे पुलिस लाइन पहुंचे। यहां पर उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सीएम योगी को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन सहित अन्य विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। करीब पौने तीन घंटे तक सीएम जिले में रहेंगे। इस दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। एक बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रदेश में विकसित हो रहा है। कासगंज के लिए आज का दिन इतिहास का दिन है,क्योंकि 724 करोड़ की विकास योजनाओं को मूर्त रूप मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि सोरों का विकास अयोध्या की तर्ज पर होगा। उन्होंने जिले में म्यूजियम बनाने, दरियागंज झील और नदरई पुल के के सौंदर्यीकरण की परियोजना को भी मंजूरी दी है। सीएम योगी ने 724 करोड़ की विकास परियोजना का लोकार्पण करते हुए कहा कि यह सौभाग्य है कि भगवान बाराह की जन्म स्थली पर आने का मौका मिला है। उन्होंने कहा कि यहां की धरा को नमन करता हूं। आगे कहा कि डबल इंजन की सरकार विकास कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारत की सेना ने ऐसा सबक दुश्मन को सिखाया है, जो वो याद रखेगा। भारत ने बता दिया है कि हमारे एक भी नागरिक की जान जाएगी, तो दुश्मन को उसके घर में घुस कर मारेंगे।

## केंद्र की सुप्रीम कोर्ट से अपील– अंतरिम आदेश के लिए सुनवाई इन तीन मुद्दों तक ही सीमित रखें

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि वे वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर कोई आंतरिम आदेश पारित करते हैं तो तीन मुद्दों तक इसे सीमित रखें। सरकार ने जिन मुद्दों पर सुनवाई सीमित रखने की अपील की है, उनमें एक मुद्दा है अदालत द्वारा घोषित, वक्फ बाय यूजर या वक्फ बाय डीड संपत्ति को डी–नोटिफाई करने का है। दूसरा मुद्दा केंद्रीय और प्रदेश वक्फ बोर्ड के गठन से जुड़ा है, जिनमें गैर मुस्लिमों को शामिल किए जाने का विरोध हो रहा है। तीसरा मुद्दा वक्फ कानून के उस प्रावधान से जुड़ा है, जिसमें जिलाधिकारी द्वारा जांच और उसकी मंजूरी के बाद ही किसी संपत्ति को वक्फ संपत्ति घोषित किया जाएगा। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ से कहा कि पूर्व की पीठ की तरह सुनवाई को



सीमित रखा जाए। तुषार मेहता ने कहा कि अदालत ने तीन मुद्दों की पहचान की थी। हमने उन तीन मुद्दों पर अपना जवाब दे दिया है। अब याचिकाकर्ता लिखित सबमिशन में कई अन्य मुद्दों को उठा रहे हैं। मैंने तीन मुद्दों पर हलफनामा दाखिल कर दिया है। मेरी अपील है कि मामले की सुनवाई को इन्हीं तीन मुद्दों तक सीमित रखा जाए। हालांकि याचिकाकर्ताओं की तरफ से पेश हुए वकीलों कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने सॉलिसिटर जनरल के इस सबमिशन का विरोध किया। इससे पहले 17 अप्रैल को हुई सुनवाई में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को सुनिश्चित किया था कि वे किसी भी वक्फ संपत्ति को डी–नोटिफाई नहीं करेंगे, इनमें वक्फ बाय यूजर भी शामिल है। साथ ही वक्फ बोर्डों में नई नियुक्ति पर भी कोई नई नियुक्ति न करने की बात कही थी।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ का 3 दिवसीय गोवा में दौरा शुरू

नई दिल्ली, (एजेंसी)।उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से गोवा के तीन दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने कल जारी बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति 21 मई को मुरगांव



बंदरगाह का दौरा करेंगे। इस दौरान बंदरगाह की नई परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। धनखड़ इस दौरान मुरगांव बंदरगाह प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बातचीत करेंगे। धनखड़ मुरगांव बंदरगाह पर तटरक्षक पोत पर भारतीय तटरक्षक बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेंगे। 22 मई को उपराष्ट्रपति धनखड़ आईसीएआर–केंद्रीय तटीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीसीएआरआई) का दौरा करेंगे। इस दौरान वो संकाय सदस्यों और वैज्ञानिकों से बातचीत करेंगे। गोवा की अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति गोवा के राजभवन भी जाएंगे। राजभवन परिसर में चरक और सुश्रुत की प्रतिमाओं का लोकार्पण करेंगे।

## विदेश सचिव मिस्री ने की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की ब्रीफिंग

नई दिल्ली, (एजेंसी)। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सात में से तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को ब्रीफ किया है। जेडीयू के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और डीएमके की कनिमोझी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने इस ब्रीफिंग में हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इस बैठक में भाग लिया। बता दें कि, उनकी पार्टी द्वारा सरकार के ष्एकतरफाष निर्णय के खिलाफ विरोध किया था। बनर्जी उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व संजय झा कर रहे हैं और जो जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर की यात्रा करेगा। बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सात सांसद जाएंगे सऊदी अरब सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पहले ग्रुप में सात सांसद भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाएंगे। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एस फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद हैं। उनके साथ राजनियक हर्षवर्धन शृंगला जाएंगे। सांसदों का दूसरा समूह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में यूके, फ्रांस, जर्मनी, यूरोप, इटली और डेनमार्क जाएगा। इसमें बीजेपी सांसद डी पुंडरेश्वरी, शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, मनोनीत सांसद गुलाम अली खटाना, कांग्रेस



सांसद डॉ. अमर सिंह, भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य, एमजे अकबर होंगे। उनके साथ राजनयिक पंकज सरन होंगे। सांसदों का तीसरा समूह जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में इंडोनेशिया, मलयेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा। इसमें भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, एआईटीसी सांसद युसूफ पठान, भाजपा सांसद बृजलाल, सीपीआई एम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। इस ग्रुप में राजनयिक मोहन कुमार होंगे। सांसदों का चौथा समूह शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य, सिएरा लियोन जाएगा। इसमें समूह में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजद सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद मनन मिश्रा और पूर्व सांसद एसएस अहलूवालिया शामिल हैं। इस समूह में राजनयिक सुजन चिनॉय भी होंगे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सांसदों का एक दल अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएगा।

## नई ई-जीरो एफआईआर से साइबर अपराधियों को अभूतपूर्व गति से पकड़ा जा सकेगा : अमित शाह



नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नई ई–जीरो एफआईआर पहल से 10 लाख रुपये से अधिक के साइबर वित्तीय अपराध और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) की 1930 हेल्पलाइन पर दर्ज किए गए अपराध स्वचालित रूप से एफआईआर में बदल जाएंगे। सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में, शाह ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अभी दिल्ली के लिए एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इस पहल की शुरुआत की है, लेकिन जल्द ही इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। । गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने किसी भी अपराधी को अभूतपूर्व गति से पकड़ने के लिए नई ई–जीरो एफआईआर पहल शुरू की है। दिल्ली के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई यह नई प्रणाली एनसीआरपी या 1930 पर दर्ज साइबर वित्तीय अपराधों को स्वचालित रूप से एफआईआर में बदल देगी, जो शुरू में 10 लाख रुपये की सीमा से ऊपर होगी। नई प्रणाली, जो साइबर अपराधियों पर नकेल कसते हुए तेजी से जांच करेगी, जल्द ही पूरे देश में विस्तारित की जाएगी। मोदी सरकार साइबर–सुरक्षित भारत बनाने के लिए साइबर सुरक्षा ग्रिड को मजबूत कर रही है। अमित शाह ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) पोर्टल का उद्घाटन किया, ताकि ओसीआई कार्डधारकों के लिए डिजिटल अनुभव में सुधार हो सके। यह लॉन्च भारतीय प्रवासियों के लिए नागरिक सेवाओं को आधुनिक बनाने के सरकार के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृह मंत्रालय (एमएचए) के अनुसार, पिछले दशक में तेजी से हुई तकनीकी प्रगति और मौजूदा ओसीआई कार्डधारकों से पिछली प्रणाली के मुद्दों के बारे में मिली प्रतिक्रिया के जवाब में नया पोर्टल विकसित किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में नए ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) पोर्टल का शुभारंभ किया। पिछले दशक में हुई महत्वपूर्ण तकनीकी प्रगति और ओसीआई कार्डधारकों से मिली प्रतिक्रिया के मद्देनजर, मौजूदा कमियों को दूर करने और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाने के लिए है।

## नए वक्फ कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को वक्फ (संशोध ान) अधिनियम, 2025 की संवैध ाानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने पक्ष और विपक्ष की दलीलें सुनीं. बेंच में दूसरे जज जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह थे. सुनवाई के दौरान सीजेआई ने संसद से पारित कानूनों की संवैधानिकता को लकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की. उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधि ानियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा, श्संसद द्वारा पारित कानूनों में संवैधानिकता की धारणा होती है और कोई कानून संवैधानिक नहीं है इसका जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, अदालतें इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं वोंच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई को तीन मुद्दों तक सीमित रखे, जिनमें कोर्ट, यूजर और डीड द्वारा घोषित वक्फ संपत्तियों को डि–नोटिफाई करने का बोर्डों का अधिकार भी शामिल है. केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष यह अनुरोध किया. तुषार मेहता ने कहा, श्अदालत ने तीन मुद्दे चिन्हित किए थे. हालांकि, याचिकाकर्ता चाहते हैं कि इन तीन मुद्दों के इतर भी कई अन्य मुद्दों पर सुनवाई हो. मैंने इन तीन मुद्दों के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया है. मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए। अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने केंद्र की दलील का विरोध करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण कानून पर टुकड़ों में सुनवाई नहीं हो सकती. कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 25 (यह अनुच्छेद धर्म पालन, उसके अनुरूप आचरण करने और धर्म का प्रचार करने के अधिकार की गारंटी देता है) का उल्लंघन करता है. उन्होंने कहा कि हम तो सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे।

## एमसीडी में 2 रिक्त स्थायी समिति सीटों के लिए जल्द चुनाव होंगे

नई दिल्ली, (एजेंसी)।दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) अपनी स्थायी समिति में दो रिक्त सीटों को भरने के लिए 2 जून को चुनाव कराएगा, जो नागरिक एजेंसी के सबसे प्रभावशाली निर्णय लेने वाले निकायों में से एक है। फरवरी में विधान सभा के सदस्य (एमएलए) के रूप में चुने जाने पर इस साल की शुरुआत में दो पार्षदों के इस्तीफा देने के बाद ये सीटें खाली हो गई थीं। पार्षद वार्ड नंबर 164 और वार्ड नंबर 74 का प्रतिनिधि ात्व करते थे और क्रमशः दक्षिण क्षेत्र वार्ड समिति और सिटी–एसपी जोन वार्ड समिति से स्थायी समिति के सदस्य थे। शुरू में 22 मई के लिए निर्धारित चुनाव भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के कारण स्थगित करना पड़ा। सोमवार को, एमसीडी ने चुनावों की नई तारीख की घोषणा की, जो गुप्त मतदान के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे। अधिकारियों के अनुसार, सिटी–एसपी जोन वार्ड समिति के लिए चुनाव सुबह 10 बजे हंसराज गुप्ता ऑडिटोरियम में होंगे, जबकि साउथ जोन वार्ड समिति के लिए मतदान दोपहर 12 बजे सिविक सेंटर स्थित सत्य नारायण बंसल ऑडिटोरियम में होगा। स्थायी समिति एमसीडी के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिसके पास वित्तीय मंजूरी, बजट योजना और प्रमुख नीतिगत निर्णय लेने का अधिकार होता है।

## ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ मिशन नहीं बल्कि आतंकवादियों को साफ संदेश : स्मृति ईरानी

नई दिल्ली, (एजेंसी)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उन्हें सम्मानित करने के लिए दिल्ली में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। सोमवार को यात्रा के दौरान बोलते हुए स्मृति ईरानी ने ऑपरेशन सिंदूर के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ऑपरेशन सिंदूर हमारे देश का प्रतीक, प्रतिज्ञा है। यह सिर्फ हमारे सशस्त्र बलों का मिशन नहीं है बल्कि आतंकवादियों को साफ संदेश है कि जब भी वे हमारे देश की महिलाओं को निशाना बनाएंगे, तो पूरा देश, भारत सरकार और भारतीय सशस्त्र बल उनकी रक्षा के लिए मौजूद रहेंगे। ईरानी ने भारत की उन महिलाओं की भी प्रशंसा की, जिनके प्रियजन सीमाओं पर सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा श्सिंदूरश सुरक्षित है, क्योंकि वे सीमा पर हैं। हम ऐसी महिलाओं और हमारे भारतीय सशस्त्र बलों के सामने नतमस्तक हैं। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने संकल्प लिया था कि वे देश को झुकने या टूटने नहीं देंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री के कड़े संदेश की भी प्रशंसा की और आश्वासन दिया कि ऑपरेशन सिंदूर तब तक जारी रहेगा, जब तक हर आतंकवादी शिविर का सफाया नहीं हो जाता। भारतीय सशस्त्र बलों के साथ मिलकर देश ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है। प्रधानमंत्री, सरकार और सशस्त्र बलों ने संदेश दिया है कि जब तक हर आतंकवादी शिविर नष्ट नहीं हो



जाता, ऑपरेशन सिंदूर जारी रहेगा। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आज देश की सभी महिलाएं भारतीय सशस्त्र बलों के सामने नतमस्तक हैं। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के जरिए जिस तरह से उन्होंने (भारतीय सशस्त्र बलों ने) करोड़ों महिलाओं के सम्मान की रक्षा की, सीमाओं की रक्षा की और आतंकवादी शिविरों को नष्ट किया, मैं तहे दिल से उनका आभार व्यक्त करती हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय सशस्त्र बलों और भारत सरकार ने देश के 140 करोड़ लोगों के सम्मान के हित में सशक्त फैसले लिए। प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों को आदेश दिया कि वे जाकर (पाकिस्तान में) हर आतंकवादी शिविर को नष्ट करें। पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब मिला। भारत के 140 करोड़ लोग एकजुट हैं। ये महिलाएं सशस्त्र बलों और भारत सरकार के साथ खड़ी हैं। यह संदेश देने के लिए महिलाओं ने यह तिरंगा यात्रा, सिंदूर यात्रा निकाली है,ष दिल्ली की सीएम ने कहा। इस बीच, भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन ने चल रही तिरंगा यात्रा के बारे में बोलते हुए कहा कि हर गांव, कस्बे और जिले में महिलाएं राष्ट्रीय ध वज लेकर चल रही हैं और इस देश को सुरक्षा देने के लिए हमारे सशस्त्र बलों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपना आभार और आभार व्यक्त कर रही हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 13 मई को शतिरंगा यात्राश शुरू की और यह 23 मई तक जारी रहेगी। यात्रा का उद्देश्य भारतीय सैनिकों की वीरता का सम्मान करना और नागरिकों को ऑपरेशन सिंदूर की हालिया सफलता के बारे में सूचित करना है।

# संपादकीय

## भीतर के दुश्मन

भारत–पाकिस्तान संघर्ष के बीच कुछ देश विरोधी तत्वों का पर्दाफाश होना चौंकाता है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा देते हैं। देश के भीतर ये दुश्मन बेहद घातक हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। ये तत्व न केवल जासूसी में लिप्त थे बल्कि भारत विरोधी प्रचार का भी हिस्सा थे। जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की रहने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां ज्योति को एक खुफिया एजेंट के रूप में तैयार कर रही थीं। वह सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके। निस्संदेह, भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान करने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। निस्संदेह, इन लोगों की परवरिश में कहीं चूक रही है जो इन्हें यह बोध नहीं करा सकी कि चंद पैसों व सुविधाओं के लालच में देश के साथ गद्दारी नहीं करनी चाहिए। निश्चय ही यह खुलासा राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। आने वाले वक्त में कई ऐसे जासूसों का खुलासा हो सकता है, जो आतंकवादियों को भारत की धरती पर हमला करने का इनपुट दे रहे हों। केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों को बाहर किया जा सके। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। वह सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति का इस्तेमाल न केवल जासूसी के लिये कर रहा था ।

# विराट और उनकी कालजयी विराटता

प्रदीप

हर वह चीज जिसकी शुरुआत है, उसका अंत भी है, चाहे वह जीवन हो या खिलाड़ी का करियर। इन दो छोरों के बीच, सफलता–असफलता, खुशी–गम, जीत–हार के साथ जीवन संघर्ष अपने आप में एक अप्रत्याशित यात्रा है। खेल की दुनिया में, रिटायरमेंट चाहे मजबूरी में हो या स्वेच्छा से, वह उनके विकास में बहुत योगदान दिया है। जीवन के बही–खाते में, यह एक ऐसी उम्र है जब पूरी दुनिया आपके आगे होती है, पीछे नहीं। लेकिन एक खिलाड़ी के जीवन में, यह वह उम्र होती है जहां करिअर का अंत सामने नजर आने लगता है। मन चाहे करे, लेकिन शरीर साथ नहीं देता। हालांकि, कोहली के मामले में




अंतिम मुकाम है, जहां पर खेल–यात्रा खत्म हो जाती है। टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की पारी खत्म हो गई है। कई लोगों का मानना है कि यह समय से पहले लिया गया फैसला है, जबकि कोहली का मानना है उनके पास टेस्ट क्रिकेट की कठिन दरकारों में सफल होने के वास्ते जो ऊर्जा, मानसिक शक्ति और कौशल होना चाहिए, खासकर इंग्लैंड जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में, अब पहले जैसा नहीं रहा। यहां तक कि दस हजार टेस्ट रन का मील का पत्थर, जो कि बहुत करीब था, वह भी इंग्लैंड जाने और क्रिकेट के मैदान पर अपनी ज्वलनशील ऊर्जा को बाहर निकालने का पर्याप्त लालच न बन पाया। कोहली अब 36 वर्ष के हैं, दो बच्चों के पिता हैं। उनकी जीवन संगिनी फिल्म स्टार अनुष्का हैं, जिन्होंने एक व्यक्तित्व के रूप में इसका उल्टा है। टेस्ट क्रिकेट में उनकी फॉर्म भले ही पहले जितनी न रही हो लेकिन उनकी फिटनेस का स्तर किसी किशोर को भी शर्मिंदा कर सकता है। सफेद गेंद वाले क्रिकेट प्रारूप में उनकी सफलता और आईपीएल की फॉर्म के बूते उनकी प्रतिष्ठा जस की तस है, तथापि उनका मानना है कि अब उन्हें उस प्रारूप को अलविदा कर देना चाहिए जिसे वह सबसे ज्यादा प्यार करते हैं, जिसे उन्होंने 'खून, पसीने और आंसू' से सींचा है। एक ऐसा प्रारूप जिसे वह 'इश्क' करते हैं और जिसने उन्हें एक व्यक्ति के रूप में 'आकार' दिया। पारंपरिक ज्ञान यह कहता है कि आप अपने पास वही रखें जो आपको सबसे ज्यादा पसंद है और जो अधिक महत्त्वपूर्ण न हो और जिसमें सार और अर्थ नहीं है, उसे तज दें। तब क्यों न सफेद टेस्ट क्रिकेट की बजाय सफेद गेंद वाले प्रारूप को छोड़ते? लेकिन! समस्या यहीं पर है। अपनी अपार लोकप्रियता और प्रशंसकों के अलावा, कम ओवर वाले क्रिकेट प्रारूप (आईपीएल) को मानसिक और शारीरिक रूप से इसके लघु प्रारूप यानी टी–20 के मुकाबले संभालना ज्यादा आसान है। शायद यह 'धंधा' इस मायने में मजेदार है, जिसमें विफलता बहुत नुकसान नहीं पहुंचाती और न ही सफलता यह महसूस करवाती है कि आप शिखर पर पहुंच गए हैं। और आईपीएल में आप जो करोड़ों कमाते हैं, वह इसे न छोड़ने के लिए एक अतिरिक्त प्रोत्साहन है। यह किसी राष्ट्र के लिए न होकर एक व्यावसायिक उद्यम के लिए प्रतिबद्धता है, जहां विफलता का जोखिम 'विश्वासघात' के बराबर नहीं है। प्रतिबद्धता, अनुशासन और एकाग्रता का प्रतीक विराट, प्रतिद्वंद्वियों का ध्यान अपने शारीरिक हाव–भावों से भंग करने वाली खूबी रखने के साथ खेल के लघु संस्करण में प्रतिद्वंद्वियों को चबाने की ताब रखते हैं। वह बल्लेबाजी, दौड़ने और मानसिक दृढ़ता में उन्हें मात दे सकते हैं। वे अब क्रिकेट के सबसे कठिन प्रारूप यानी टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं कर सकते। उनके पास अपने खेल में रिस चुकी तकनीकी कमियों से पार पाने और पूरे पांच दिनों तक विस्फोटक स्तर को बनाए रखने के लिए पहले जितनी ऊर्जा और ताकत नहीं रही। सही मायने में विराट वीरता का सबसे बढ़िया मूर्त रूप हैं। वह निडर योद्धा, जो अपने विरोधियों को छकाने करने के लिए खुद को महामानव–सी ऊर्जा से भर लेता है। दुनिया के क्रिकेट इतिहास में दुर्लभ और भारत में भी इससे पहले ऐसा कोई नहीं हुआ जिसकी आक्रामकता, यहां तक कि अपनी तीव्र और कठोर अभिव्यक्ति में, जैन मुनियों जैसी एकाग्रता के साथ शानदार प्रदर्शन करने से लैस हो।

# भारतीय जीवन मूल्यों की नव प्रस्तुति अ–मोक्ष: एक प्रस्तुति –डाक्टर रघुनंदन झा

–दैनिक देश की उपासना

अ–मोक्षवाद






मोक्ष एक प्रसिद्ध शब्द है जिसे चतुर्थ पुरुषार्थ कहा जाता है.भारतीय संस्कृति और दर्शन में लगभग हर विचारधारा इसका समर्थन और विवेचन करती है.आस्तिक के साथ सभी नास्तिक दर्शन भी विभिन्न नामों और रूपों में इसको अपना सर्वोच्च लक्ष्य बनाते हैं और इसके लिए साधना करते हैं.मोक्ष,मुक्ति,कैवल्य,निर्वाण, अपवर्ग,ब्रह्मनिर्वाण,परम गति,परम धाम और परम शांति सब लगभग समानार्थी पद हैं.यह सर्वबंधन और सर्वदुख की आत्यंतिक निवृत्ति की अवधारणा और स्थिति है.इसका विपरीत पद बंधन है जो मनुष्य की चेतना को अज्ञान से आच्छादित कर उसे दुख और मृत्यु की नियति से जकड़ता है.हमारी योगसाधना बंधन से मोक्ष की यात्रा है.श्री शिव शंकर द्विवेदी,संयुक्त सचिव सेवानिवृत्त उत्तर प्रदेश शासन, मोक्ष की भारतीय अवधारणा से सहमत नहीं हैं.उन्होंने इस कारण अपने अभिनव विचार दर्शन और अनुभूति को अ–मोक्ष की संज्ञा दी है और उसे विस्तार से अपने प्रसिद्ध ग्रंथ श्अ–मोक्ष रू एक प्रस्तुतिश में वर्णित किया है.उनका अ–मोक्ष न बंधन है और न मोक्ष.वह दोनों से अलग और विशिष्ट है.यह दर्शन मौलिकता और अपूर्वता के साथ अनुभूतिपरक और यथार्थवादी है.उनकी दृष्टि में मनुष्य एक ठोस अस्तित्व है और वह ब्रह्म का आदि संकल्प है.ब्रह्म ने एक से बहु होने का आद्य संकल्प लिया, उससे इस अनंत सृष्टि और जीवन का अद्भुत और भव्य उद्भव और बहुरंगी विस्तार हुआ.ऐसा कभी नहीं था जब सृष्टि और जीवन व्यक्त अथवा बीज रूप में उपस्थित नहीं था और ऐसा कभी नहीं होगा,जब सृष्टि और जीवन का उमड़ता अनंत समुद्र सूख जाय. इस सृष्टि में जीवन का उत्सव यूं ही होता रहेगा.श्री द्विवेदी प्रकृति के लहराते परिवर्तनों के बीच जीवन की शाश्वतता का जयघोष करते हैं. वे अपनी वैचारिकी के केंद्र में जीवन की सर्वोच्चता को रखते हैं.जीवन है तो सब है जीवन नहीं तो सब अंधकार में लिपट जाता है.श्री द्विवेदी ने इसके लिए वेद,उपनिषद, गीता,तर्क,प्रत्यक्षवाद,न्याय और वैयक्तिक अनुभूति को अपना आधार बनाया है.उनका सारा ग्रंथ–प्रबंध पूर्णता,लय और सौंदर्य लिए हुए है. प्रश्न उठता है कि वे अपनी इस नव्य स्थापना से क्या संदेश देना चाहते हैं?इसमें उन्होंने जीवन की अविच्छिन्न गत्यात्मकता का रंग बिखेरा है.मनुष्य जैसा भी है उसके जीवन के महत्व और मूल्य का क्षरण नहीं हो सकता.उसे अपने जीवन की लौ को सदा जलाये रखना है. उसे मोक्ष के निवृत्तिवादी रथ से पलायन नहीं कर जाना है.मनुष्य का जीवन से भागना उसकी दुर्बलता है.जीवन अपनी संरचना,अभिव्यक्ति और क्रिया में जो भी फल लाता है,हमें उसका आनंद लेना है और जीने की सक्षमता को बढ़ाते जाना है.मोक्ष की वृत्ति जीवन और जगत के सृजन–तप और प्रासंगिकता का शुद्ध तिरस्कार है.हमें प्रवृत्तिमार्ग से जीवन को सकारात्मक और सृजनात्मक बनाना है.ऐसा नहीं है कि यह दर्शन जीवन मूल्यों को निगल जाता है.यह गीता के नियत कर्म को जीवन का प्रेरणा–गीत बनाता है.श्री द्विवेदी की दृष्टि में शरणागति की निष्क्रिय साधना से नियत कर्म की सक्रिय साधना अधिक सार्थक और परिणामदात्री है.वे अव्यवहारिक आध्यात्मिक अवधारणाओं से अलग रहकर व्यवहारक्षम सिद्धांतों को जीवन में लेते हैं और उनका प्रयोग सुनिश्चित करते हैं.उनका दर्शन जीवन को सर्वोच्च आदर देता है और वे उसका विजय–गीत रचते और गाते हैं।

–पूर्व पशुधन प्रसार अधिकारी

सम्प्रति श्री अरविंद अध्ययन केंद्र,लखीमपुर–खीरी से सम्बद्धता

## .......... विविध ..........

# गर्मियों में बढ़ती उमस से बचने के लिए क्या खाए

गर्मियों में जब मौसम बदल रहा हो और उमस बढ़ रही हो तो हमें अपने खाने–पीने का विशेष ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान हमारा शरीर डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और



डाइजेशन की समस्याओं से जूझ सकता है। इसके साथ ही, गर्मी का असर हमारी त्वचा पर भी पड़ता है। इसलिए शरीर को हाइड्रेटेड और हेल्दी रखना बहुत जरूरी है। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इस मौसम में हमें अपनी डाइट में विटामिन, खानिज और एंटीऑक्सीडेंट्स की भरपूर मात्रा शामिल करनी चाहिए। आइए जानते हैं इस बारे में नूट्रिशनिस्ट्स का क्या कहना है।

नूट्रिशनिस्ट्स की सला

डॉक्टर और नूट्रिशनिस्ट्स का कहना है कि कुछ खास फल और सब्जियां गर्मी में हमें जरूर खानी चाहिए। ये न केवल शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं बल्कि डाइजेशन में भी मदद करते हैं। इसके अलावा, ये शरीर को जरूरी विटामिन और पोषक तत्व प्रदान करते हैं, साथ ही इनकी कैलोरी भी कम होती है।

खीरा – हाइड्रेशन और ताजगी का स्रोत

खीरा गर्मी के मौसम में एक बेहतरीन आहार है। यह ठंडा और कुरकुरा होता है, जो हाइड्रेशन को बढ़ाता है और ताजगी प्रदान करता है। खीरे में कैलोरी कम होती है, जबकि पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो ब्लड वेसल्स को आराम देने में मदद करता है। यह डिहाइड्रेशन और थकान से भी बचाता है, और शरीर को कई बीमारियों से भी दूर रखता है।

तरबूज– गर्मियों का सबसे पसंदीदा फल

तरबूज गर्मियों में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला फल है। इसमें 90 प्रतिशत से ज्यादा पानी होता है, जो शरीर को ठंडा और हाइड्रेटेड बनाए रखता है। तरबूज में एल–सिट्रुलाइन नामक एमिनो एसिड पाया जाता है, जो ब्लड फ्लो को बेहतर बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, तरबूज में पोटेशियम भी होता है, जो शरीर में सोडियम के प्रभाव को बैलेंस करने में मदद करता है। यह फल आसानी से पच भी जाता है और लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करता है।

नारियल पानी– गर्मी में बेहतरीन हाइड्रेटिंग ड्रिंक

गर्मियों में नारियल पानी एक बेहतरीन हाइड्रेटिंग ड्रिंक है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेटेड रखता है, बल्कि बीमारियों से भी बचाता है। नारियल पानी ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद करता है, खासकर जब गर्मी में पसीना आने के बाद शरीर को अतिरिक्त तरल की जरूरत होती है। इसके अलावा, इसे डेंगू जैसी बीमारियों के दौरान भी उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह शरीर को जल्दी ठीक करने में मदद करता है।

पत्तेदार साग –ब्लड वेसल्स के लिए फायदेमंद

पालक और लेट्यूस जैसी पत्तेदार हरी सब्जियां गर्मी में खाना फायदेमंद होता है। इन हरी सब्जियों में नाइट्रेट की मात्रा ज्यादा होती है, जो शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड में बदलकर ब्लड वेसल्स को कंट्रोल करती है और शरीर को ठंडा रखने में मदद करती है। इसके साथ ही, ये पत्तेदार साग मैग्नीशियम और पोटेशियम से भरपूर होते हैं, जो हार्ट को हेल्दी रखते हैं और हार्ट से जुड़ी बीमारियों से बचाव करते हैं।

गर्मियों में सही आहार और हाइड्रेशन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। खीरा, तरबूज, नारियल पानी और पत्तेदार साग जैसे फलों और सब्जियों को अपनी डाइट में शामिल करने से शरीर को ठंडक, हाइड्रेशन और जरूरी पोषक तत्व मिलते हैं। इस तरह, आप गर्मी में न केवल सेहतमंद रह सकते हैं, बल्कि अपने शरीर को गर्मी से होने वाली समस्याओं से भी बचा सकते हैं।

# अटारी–वाघा बॉर्डर पर फिर शुरू हो रही है बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी, पर इस बार न मिलेंगे हाथ न खुलेंगे दरवाजे


ऑपरेशन सिंदूर के बाद हवाई युद्ध बंद होने के 10 दिन बाद यानी कि आज अमृतसर के अटारी, फिरोजपुर के हुसैनीवाला और फाजिल्का के सादिकी सीमा चौकियों पर बीटिंग रिट्रीट समारोह फिर से शुरू होंगे। हालांकि इस दौरान गेट बंद रहेंगे और बीएसएफ के जवान पाकिस्तान रेंजर्स के जवानों से हाथ नहीं मिलाएंगे।

अटारी सीमा पर 20 से 25 हजार लोग प्रतिदिन रिट्रीट सेरेमनी देखने पहुंचते हैं, जबकि सप्ताह अंत में यह आंकड़ा 30 से 35 हजार तक पहुंच जाता है। फाजिल्का में रिट्रीट सेरेमनी का समय शाम छह बजे निर्धारित किया गया है, हालांकि फिरोजपुर में रिट्रीट सेरेमनी कब से शुरू होगी, इसके बारे में भी अभी स्पष्ट नहीं किया गया।

गुजरात की एक पर्यटक कहा– ष्हम भाग्यशाली हैं कि बीएसएफ ने दैनिक परेड फिर से शुरू कर दी है और हम इसे देख पाएंगे और इसे अमृतसर की पूरी यात्रा कह पाएंगे। स्थानीय टैक्सी और ऑटो चालक, जिनकी दैनिक कमाई अटारी में आने वाले लोगों पर निर्भर करती है, भी उतने ही खुश हैं। टैक्सी चालक कहा– एक सप्ताह से अधिक समय तक मैंने मुश्किल से कुछ कमाया क्योंकि अटारी में कोई भी आगंतुक नहीं आया, लेकिन मेरा अब चीजें सामान्य हो रही हैं। भारतीय पक्ष ने फैसला किया है कि परेड के दौरान गेट बंद रहेंगे और BSF और पाकिस्तानी रेंजर्स के बीच पारंपरिक हस्तक्षेप नहीं होगा। यह निर्णय सुरक्षा को प्राथमिकता देने और तनावपूर्ण माहौल में सतर्कता बनाए रखने के लिए लिया गया। साल 1959 से रोजाना सूर्यादय के तुरंत बाद और सूर्यास्त से पहले बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। इस परेड के तरत दोनों देश सीमा पर अपने–अपने झंडे को सुबह की परेड में चढ़ाते हैं और रात के वक्त पूरे सम्ध्मान के साथ उतार लेते हैं। समारोह में जवानों की हाई–किक्स, जोशीले सलामी, और दोनों पक्षों के सैनिकों द्वारा तालमेल भरी परेड शामिल होती है, पर इसमें अब कुछ बदलाव हो गए हैं।



# दिल और किडनी का ख्याल रखना है तो खाएं ये खास चीज, डॉक्टरों की भी है यही सलाह



दिल और किडनी हमारे शरीर के दो अहम अंग हैं। अगर ये स्वस्थ हैं, तो आप भी हेल्दी रह सकते हैं। यही कारण है कि इन अंगों का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट दावा करती है कि चीकू खाने से दिल और किडनी की सेहत सुधर सकती है। क्या यह सच है? इस दावे की जांच करने के लिए सजग फैक्ट चेक टीम ने इसकी पड़ताल की है।

चीकू और उसकी खासियत

चीकू एक मीठा और स्वादिष्ट फल है, जो न केवल स्वाद में बेहतरीन होता है, बल्कि इसके स्वास्थ्य लाभ भी कई हैं। सोशल मीडिया पोस्ट का दावा है कि चीकू खाने से किडनी और दिल को फायदा होता है, साथ ही यह खून की कमी को भी दूर करता है और खून की नसों को मजबूत करता है। इस दावे की सच्चाई को जानने के लिए हमने कंसल्टेंट डायटीशियन और सर्टिफाइड डायबिटीज एजुकेटर पूजा शाह भावे से सलाह ली।

चीकू के पोषण तत्व

चीकू में पोटेशियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। इसके अलावा, इसमें नेचुरल एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं, जो दिल और किडनी की सुरक्षा करते हैं। चीकू डायट्री फाइबर से भी भरपूर होता है, जो दिल की सेहत के लिए फायदेमंद है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीकू को बैलेंस डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए, ताकि इसके स्वास्थ्य लाभ मिल सकें।

चीकू का सेवन सही तरीके से करें

अगर आप चीकू को अपनी डाइट में शामिल करना चाहते हैं, तो यह सलाह दी जाती है कि इसे नियमित रूप से खाएं। हालांकि, चीकू का सेवन 1 घंटे बाद करने की सलाह दी जाती है, ताकि इससे अधिकतम फायदे मिल सकें। इससे खून की कमी और नसों को भी लाभ हो सकता है। लेकिन, फलों के सेवन में विविधता लाना भी जरूरी है, ताकि पोषण का संतुलन बना रहे।

अगर आपको डायबिटीज है तो?

डॉक्टर चीकू को डायबिटीज के मरीजों के लिए संयम से खाने की सलाह देते हैं, क्योंकि इसमें उच्च मात्रा में ग्लूकोज पाया जाता है। अगर डायबिटीज मरीज नियमित रूप से चीकू खाते हैं, तो उनका ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है, जो उनकी सेहत के लिए ठीक नहीं है।

सजग फैक्ट चेक टीम ने इस दावे की जांच की और पाया कि चीकू वाकई में दिल और किडनी के लिए फायदेमंद हो सकता है। हालांकि, डायबिटीज के मरीजों को इसके सेवन में सावधानी बरतनी चाहिए। एक संतुलित आहार के हिस्से के रूप में चीकू को शामिल करना चाहिए, लेकिन अन्य फलों का भी सेवन करना जरूरी है ताकि शरीर को सभी प्रकार के पोषण तत्व मिल सकें। इस प्रकार, चीकू को सही तरीके से और संयमित मात्रा में खाकर आप अपनी सेहत को बेहतर बना सकते हैं।

# मॉ डर्न बेबी नर्सरी स्कूल के प्रबंधक ने फीता काटकर कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का किया शुभारम्भ



अयोध्या। मॉडर्न बेबी नर्सरी स्कूल समिति द्वारा नेशनल इंस्टिट्यूट आफ इलेक्ट्रानिक्स एंड इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी से मान्यता प्राप्त कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर का स्कूल के प्रबंधक रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे छात्रों व अन्य बालक बालिकाओं को कंप्यूटर साक्षरता क्षेत्र के प्रति बढ़ावा देना है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे बालक बालिकाओं का चौमुखी विकास हो सके।कार्यक्रम में स्किल हेड विनय शर्मा ने कंप्यूटर के उपयोग और उसकी अनिवार्यता पर विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने बताया कि छात्रों को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि वे तकनीकी रूप से दक्ष बन सकें।इस अवसर पर कौशल किशोर सिन्हा ने तकनीक के प्रयोग से समय और संसाधनों की बचत पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, प्रशिक्षक एवं गणमान्य अतिथि सत्य देव श्रीवास्तव और आशीष श्रीवास्तव के लावा सभी शिक्षक शिक्षक आए मौजूद रहे। इस मौके पर सत्यदेव श्रीवास्तव तथा आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह कोर्स 3 माह का है,जिसमें कोई भी बच्चेधअभिभावकध ग्रैजुएट या अन्य लोग रजिस्ट्रेशन कराकर भाग ले सकते हैं।

# 12 साल की उम्र में लापता बेटा 22 साल बाद लौटा घर, खुशी से रो पड़े मां–बाप

लखनऊ, (संवाददाता)। निगोहां गांव के राजमिस्त्री रामेश्वर के घर में दीवाली जैसा माहौल है। हो भी क्यों नहीं, 12 साल की उम्र में जो बेटा दिल्ली में लापता हो गया था वह 22 साल बाद घर जो लौटा है। बेटे को वापस देखने की उम्मीद में थक चुकी उम्मीद को नई रोशनी मिलने के बाद बुजुर्ग माता पिता की आंखों में खुशी के आंसू हैं। 22 साल पहले दिल्ली से लापता हुआ रामेश्वर का बेटे सोनू को देखने के लिए गांव के लोगों की लाइन लगी है। हर कोई सोनू से मिलने रामेश्वर के घर जा रहा है। रामेश्वर उर्फ टिन्ना पत्नी चंद्रकली, बेटे राजेंद्र, सोनू व मोनू और तीन बेटियों सरिता, सविता व शिल्पी के साथ रहते थे। कुछ वर्ष पूर्व छोटी बेटी शिल्पी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। रामेश्वर ने बताया कि मझला बेटा सोनू 12 साल की उम्र में चाचा हरिश्चंद्र के साथ दिल्ली गया था, जहां से वह लापता हो गया था। सोनू की दिल्ली में ही गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। सालों बीतने के बाद परिजनों ने सोनू के वापस आने की उम्मीद ही खो दी थी। इसी बीच रविवार को सोनू निगोहां गांव पहुंचा। गांव की गलियों में अपना घर ढूंढते हुए पहुंचा तो उसका पुराना मकान गिरा मिला। यह देखकर वह रोने लगा। पूछने पर गांव वालों को पूरी बात बताई। इसके बाद गांव वाले उसे माता पिता के नए मकान में ले गए। माता–पिता ने पहले पहचानने से किया इन्कार सोनू ने घर जाकर माता–पिता से परिचय दिया तो उन्होंने पहचानने से इन्कार कर दिया। सोनू कुछ पुराने कपड़े लेकर आया था, जिसे उसने माता–पिता को दिया और बाग की तरफ चला गया। परिजनों ने कुछ लोगों को भेजकर उसे वापस बुलाया। इसके बाद रामेश्वर ने सोनू से कहा कि कैसे यकीन करें तुम मेरे बेटे हो।

## संक्षिप्त समाचार

### ईंट से कूचकर युवक की हत्या, शराब ठेके पर हुआ था विवाद

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अयोध्या में सोमवार की रात एक युवक की ईंट से कूचकर हत्या कर दी गई। इकलौती संतान की हत्या की खबर मिली तो घरवाले बिलख उठे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। मामला तारुन क्षेत्र के गयासपुर गांव का है। गांव निवासी कमल सिंह (35) की हत्या हुई है। गयासपुर पुलिस चौकी से लगभग 500 मीटर की दूरी पर सड़क पर उसका शव पड़ा मिला। लोगों ने देखा तो मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। बताया गया कि कमल शराब पीने के लिए कुछ लोगों के साथ ठेके पर गया था। वहां आपस में विवाद हो गया। इसके बाद वह देर रात घर जाने के लिए निकला था। रास्ते में ही वारदात को अंजाम दिया गया। घटनास्थल पर उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी मिली। लोगों ने बताया कि कमल अपने माता–पिता की इकलौती संतान था। मां ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी खंगाल रही है। आरोपियों तक पहुंचने के लिए हर पहलू पर गहनता से जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### फंदे से लटकती मिली युवक की लाश, देखकर चीख उठे घरवाले दो साल पहले हुई थी शादी

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अमेठी में सोमवार की रात एक युवक का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटकता मिला। मां ने देखा तो पछाड़ खाकर गिर गई। शोर सुनकर गांव के लोग जमा हो गए। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे। बताया गया कि युवक का पत्नी से विवाद चल रहा था। उसकी पत्नी मायके में रह रही है। घटना बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के निहाल सिंह पुरवा गांव की है। गांव निवासी शोभ नारायण (26) का शव कमरे में फंदे से लटकता मिला। रात में मां जशोदा देवी उसे बुलाने के लिए उसके कमरे में गई। वहां का दृश्य देखकर उसकी चीख निकल गई। पिता रामसमुझ भी चीख उठे। शोर सुनकर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी जुटाई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मां जशोदा देवी ने बताया कि दो साल पहले शोभ नारायण की शादी पारा गांव में हुई थी। लेकिन, विवाद के चलते उसकी पत्नी काफी समय से मायके में रह रही है। इसी बात को लेकर बेटा मानसिक रूप से परेशान रहता था।

माता–पिता के साथ घर पर रह रहा था

थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि परिजनों के मुताबिक मृतक का पत्नी से विवाद था। वह माता–पिता के साथ अकेले ही घर पर रह रहा था। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। फिलहाल तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मामला दर्ज करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय के कैडेट्स और प्रशिक्षकों को कमांडिंग ऑफिसर (CO) एवं ग्रुप कमांडर (GC) प्रशंसा पत्र से नवाजा गया



लखनऊ। 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि बटालियन के अनुशासित, समर्पित और प्रेरणास्पद कैडेट्स को उनकी विशिष्ट सेवाओं, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता हेतु कमांडिंग ऑफिसर (CO) प्रशंसा पत्र तथा ग्रुप कमांडर (GC) प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो. अलोक कुमार राय, कर्नल कमांडेंट, एनसीसी, लखनऊ की प्रेरणा व ले. रजनीश कुमार यादव एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर 64 यू पी बटालियन एनसीसी के प्रयास से प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अनीमेश रॉय,सुबेदार मेजर अशिष सिंह, तथा नायब सुबेदार राम किशन की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कमांडिंग ऑफिसर (CO) प्रशंसा पत्र से सम्मानित कैडेट्स में अंडर ऑफिसर विनय वर्मा, अंडर ऑफिसर गौरव यादव, सीक्यूएमएस अर्पित वर्मा, सीएसएम माहि सिंह, सार्जेंट अंशिका सिंह, लांस कॉरपोरल कुलदीप सिंह, लांस कॉरपोरल प्रशांत आनंद, लांस कॉरपोरल रोहित कुमार, लांस कॉरपोरल अंकिता यादव, कैडेटआदर्श प्रताप सिंह चौहान, कैडेट वैष्णवी शुक्ला, कैडेट पूजा यादव तथा कैडेट इशिता श्रीवास्तव शामिल हैं। इन सभी कैडेट्स ने बटालियन द्वारा आयोजित प्रशिक्षण शिविरों, सामाजिक सेवा कार्यक्रमों तथा अन्य राष्ट्रीय गतिविधियों में अनुशासन, निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और समर्पण की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की, जिसके फलस्वरूप उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

इसी क्रम में, ग्रुप कमांडर (GC) प्रशंसा पत्र से सम्मानित किए गए कैडेट्स ने राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर अपनी अद्वितीय उपलब्धियों से बटालियन और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। सीनियर अंडर ऑफिसर रत्नाकर राय को बटालियन के ओवरऑल सीनियर अंडर ऑफिसर के रूप में प्रभावशाली नेतृत्व हेतु, अंडर ऑफिसर प्रेरणा शर्मा को उत्तर प्रदेश आर्म रेसलिंग स्टेट चौंपियनशिप में दो स्वर्ण एवं एक रजत पदक प्राप्त करने हेतु, सार्जेंट भूमिका गुप्ता को रिपब्लिक डे कैंप –2024 और प्रधानमंत्री रैली 2024 में सहभागिता हेतु, लांस कॉरपोरल शशांक दुबे को लखनऊ बेस्ट कैडेट 2024–25 एवं गवर्नर हाउस 2025 में भागीदारी हेतु,लांस कॉरपोरल सिमरन पांडेय को मिनी ओलंपिक्स 2024 में क्योरूगी वर्ग में स्वर्ण पदक,कैडेट अशुतोष सिंह को प्री–रिपब्लिक डे कैंप –2, 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु, कैडेट मृदुल द्विवेदी को गवर्नर हाउस इवेंट 2025 में विशेष योगदान हेतु, हेतु तथा कैडेट प्रियंशी जुगलान को खेलो इंडिया सिटी ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अर्जित करने हेतु यह सम्मान प्रदान किया गया। इनके साथ–साथ, 64 यूपी बटालियन के तीन स्थायी प्रशिक्षकगण कृ सूबेदार दिनेश कुमार, नायब सूबेदार जसबीर सिंह एवं हवलदार लक्ष्मण सिंह थायात कृ को भी ग्रुप कमांडर प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया।

उन्हें यह सम्मान लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस गार्ड्स अभ्यास में उनके अनुकरणीय योगदान और कैडेट्स के प्रशिक्षण में सक्रिय सहयोग के लिए प्रदान किया गया। 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ विश्वविद्यालय, इन सभी सम्मानित कैडेट्स और प्रशिक्षकों को उनके अथक परिश्रम, समर्पण और प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए हार्दिक बधाई देती है और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करती है। बटालियन को पूर्ण विश्वास है कि ये सभी युवा कैडेट्स राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे और अन्य कैडेट्स के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक लाख का इनामी ढेर, एसओ को लगी गोली...बुलेट–प्रूफ जैकेट ने बचाई जान

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के गोंडा में सोमवार की आधी रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इसमें पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोली लगने से एक बदमाश ढेर हो गया। उसकी पहचान सोनू उर्फ भुर्रे निवासी कादीपुर, करनैलगंज के रूप में हुई। इस पर एक लाख का इनाम घोषित था। मुठभेड़ उमरी बेगमगंज क्षेत्र के सोनौली गांव के पास हुई। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि 24 अप्रैल को उमरी के डिक्सिर गांव में चोरी के दौरान हत्या के मामले में पुलिस को सोनू की तलाश थी। सोमवार की रात उसके सोनौली गांव के पास होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर ली। पुलिस को देखकर बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान एक गोली एसओ की बुलेट–प्रूफ जैकेट में लगी। इससे वह बाल–बाल बच गए। जवाबी कार्रवाई में सोनू को गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोनू के खिलाफ 48 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। वह एक लाख का इनामी था।

### घर के बाहर सो रहे युवक की हथौड़े से कूचकर हत्या, गांव के ही चार लोग नामजद

लखनऊ, (संवाददाता)। यूपी के अमेठी में सोमवार देर रात घर के बाहर चारपाई पर सो रहे युवक की हथौड़े से कूचकर हत्या कर दी गई। घटना से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। मां की तहरीर पर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना मोहनगंज थाना क्षेत्र के पूरे राजा भदसाना गांव की है। गांव निवासी बच्चन उर्फ इंतजार (28) की हत्या हुई है। पत्नी मोनी ने बताया कि सोमवार की रात करीब 2 बजे कुछ लोग दबे पांव आए थे। घर के बाहर चारपाई पर सो रहे बच्चन पर हथौड़े



से हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद आरोपी भाग गए। घटना के वक्त मोनी बच्चों के साथ पास में ही दूसरी चारपाई पर लेटी थी। मां सैदून ने अल्ताफ, इस्लाम, सलमान, सुलेमान और पप्पू उर्फ सुशील दुबे समेत छह लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया गया कि मृतक के परिवार और आरोपियों के बीच पहले से पारिवारिक रंजिश चल रही थी। यही रंजिश घटना का कारण बनी। इंस्पेक्टर राकेश सिंह ने बताया कि मृतक की मां की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# लाइसेंस दे रहे पांच साल का, फायर एनओसी एक साल की

लखनऊ, (संवाददाता)। निजी प्रतिष्ठानों के पंजीकरण व नवीनीकरण की प्रक्रिया में अफसरों ने खेल करना शुरू कर दिया है। नए अधिनियम के लागू होने बाद इस बार पांच साल का लाइसेंस जारी होगा। छोटे अस्पतालों से पांच साल की एनओसी नहीं ली जा रही है।

अफसरों ने बीच का रास्ता निकालकर उनका पंजीकरण व नवीनीकरण शुरू कर दिया है। शहर में करीब एक हजार से अधिक निजी अस्पताल–क्लीनिक व लैब का संचालन हो रहा है। इस साल छोटे अस्पताल भी अब क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के दायरे में आ गए हैं। उन्हें भी अब पांच साल का लाइसेंस जारी होगा। इसकी प्रक्रिया विभाग ने शुरू कर दी है। अहम बात यह है छोटे अस्पतालों को फायर की एनओसी, बॉयोमेडिकल वेस्ट, प्रदूषण का पांच साल का लाइसेंस संबंधित विभागों से लेना था। जिसके बाद अस्पतालों का पंजीकरण–नवीनीकरण होगा। अफसरों ने बीच का रास्ता निकाल लिया है। निजी प्रतिष्ठानों को लाइसेंस तो पांच साल का जारी हो रहा है, मगर एनओसी साल भर की ले रहे हैं। अफसरों का तर्क है कि फायर, बॉयोमेडिकल व प्रदूषण की एनओसी संबंधित विभाग देखेंगे। स्वास्थ्य विभाग डॉक्टर की डिग्री व स्टॉफ का रिकार्ड लेकर उनका पंजीकरण व नवीनीकरण करेगा। नर्सिंग होम के नोडल डॉ. एपी सिंह के मुताबिक, पंजीकरण व नवीनीकरण अफसरों के जरिए दी गई गाइडलाइन के तहत किए जा रहे हैं। अब संबंधित विभाग एनओसी का मसला देखेंगे।

अब स्टॉफ का दर्ज नहीं होगा रिकार्ड

नए अधिनियम के लागू होने बाद अब पंजीकरण व नवीनीकरण पेपर पर स्टॉफ का नाम दर्ज नहीं होगा। इससे पहले स्टॉफ का नाम दर्ज होता था। पांच साल का लाइसेंस जारी होने के बीच में ही कई स्टॉफ अलग–अलग संस्थानों में चले जाएंगे। नतीजा पंजीकरण–नवीनीकरण पत्र पर उसी स्टॉफ का नाम दर्ज होने पर अड़चन आएगी। ऐसे में अफसरों ने स्टॉफ का नाम पत्र में दर्ज न करने के निर्देश दिए हैं।

# तिरंगा यात्रा में उमड़ा जोश

लखनऊ, (संवाददाता)। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता व भारतीय सेना के शौर्य के सम्मान में सोमवार को भारत शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता की जय, वंदेमातरम जैसे नारों के उद्घोष और हाथों में तिरंगा लिए हुए यह यात्रा इंदिरानगर से निकाली गई।

यात्रा ए–ब्लॉक स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर मीना मार्केट होते हुए भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर संपन्न हुई। इस दौरान माहौल पूरी तरह से देशभक्ति के रंग में रंगा था। यात्रा के मार्ग पर लोगों ने फूल बरसाए। भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, भाजपा लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और विधायक ओपी श्रीवास्तव की अगुवाई में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में युवाओं के साथ स्कूली छात्र–छात्राएं, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, महिलाएं, व्यापारी आदि शामिल हुए। विधायक ओपी श्रीवास्तव ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व और फौलादी फैसलों का सुबूत है। मौके पर लोगों के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संदेशों को साझा किया गया। भूतनाथ बाजार के व्यापारियों ने भी यात्रा में शामिल होकर पूरे उत्साह के साथ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाया। यात्रा में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देवड़ी, अभिषेक राय, रीना चौरसिया, सुमित खन्ना, पार्षद भृगुनाथ शुक्ला, रामकुमार वर्मा, संजय सिंह राठौड़, अरुण तिवारी, राजेश सिंह गब्बर, पार्षद प्रमोद सिंह राजन, कौशल शंकर पांडे, अरुण राय, शिवम , अशोक उपाध्याय, भूपेंद्र शर्मा, हरिश्चंद्र लोधी, सुनील शंखधार, पूजा जसवानी, राकेश मिश्रा, संदीप पाठक, कृष्ण वीर सिंह बंटू, हरीश अवस्थी, शैलेंद्र वर्मा, शैलेंद्र राय डब्बू, देवेश उपाध्याय, शशांक शेखर गोल्डी, विजय सिंह, मीनाक्षी कलहंस, अर्चना दत्ता, पारुल श्रीवास्तव, मिथिलेश, जैन समाज से अभिषेक जैन, सिंधी समाज से हंसराज जसपाल, गुरुद्वारा समिति से सुरिंदर सिंह समेत अन्य भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

# होटल मोहन का काटा गया बिजली कनेक्शन

लखनऊ, (संवाददाता)। होटल मोहन में लगी आग के मामले में होटल प्रशासन की लापरवाही पर बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया है। यह कार्रवाई बिजली विभाग ने सीएफओ मंगेश कुमार के पत्र पर की है। सीएफओ ने बताया कि बिजली कटने पर मोहन होटल में ग्राहक ठहरने नहीं जाएंगे। ऐसे में भविष्य में किसी भी तरह का न तो लोगों की जान का खतरा होगा और न माल की हानि होगी। हजरतगंज के न्यू बेरी रोड निवासी होटल मालिक अनिल कुमार अग्रवाल जब तक सभी मानकों को पूरा नहीं करेंगे, तब तक कनेक्शन नहीं जोड़ा जाएगा। लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए डीएम को पत्र लिखने पर खुली थी पोल

होटल मालिक बेखौफ होकर बिना लाइसेंस के ही संचालन कर रहा था। विभाग ने सितंबर 2024 में होटल को मानक न पूरे होने को लेकर पहला नोटिस, दूसरा अक्तूबर 2024 और तीसरा फरवरी 2025 में जारी किया था।

# अब अभिरक्षा कार्यालय करेगा राजा महमूदाबाद की शत्रु संपत्ति की तफ्तीश

लखनऊ, (संवाददाता)। राजधानी लखनऊ में राजा महमूदाबाद से संबंधित शत्रु संपत्तियों की जांच अब अभिरक्षा कार्यालय करेगा। प्रशासन ने अब तक की जांच से संबंधित सभी दस्तावेज शत्रु संपत्ति अभिरक्षा कार्यालय को सौंप दिए हैं। दरअसल शत्रु संपत्तियों की समीक्षा के दौरान राजा महमूदाबाद से जुड़ी संपत्तियां काफी अधिक मिली थीं। इसकी तस्दीक के लिए पांच साल पहले जांच के आदेश दिए थे। जांच प्रशासन को सौंपी गई थी। ताकि पता चल सके कि आखिर इतनी संपत्तियां राजा महमूदाबाद की कैसे हुईं। सूत्रों के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया था कि राजा महमूदाबाद के पास लीज के दायरे में नजूल की जमीनें भी होने की बात सामने आई थी। राजधानी में हलवासिया मार्केट, लारी बिल्डिंग, बटलर पैलेस, लाल कोठी, सिद्दीकी बिल्डिंग, कांकर कोठी आदि राजा महमूदाबाद से जुड़ी संपत्तियां हैं। ये



सभी संपत्तियां वर्तमान में अभिरक्षा के अधिकार में है। कोर्ट में भी मामला चल रहा है। सीतापुर में भी एसपी, डीएम व सीएमओ बंगला समेत तमाम अहम कार्यालय राजा महमूदाबाद से जुड़ी संपत्तियां हैं। आंकड़ों के मुताबिक देश भर में पचास हजार करोड़ की शत्रु संपत्तियां राजा महमूदाबाद की हैं। इनमें से 980 संपत्तियां सरकार कब्जे में ले चुकी है। वहीं अब अभिरक्षा कार्यालय जांच को अपने स्तर से आगे बढ़ाएगा। इसमें वक्त भी लगेगा लेकिन उससे स्पष्ट हो जाएगा कि राजा महमूदाबाद की असल संपत्तियां कौन हैं और कौन दूसरों की संपत्तियां हैं।

# सरकारी स्कूलों के दाखिले में 22 लाख की गिरावट चिंतनीय : मायावती

लखनऊ, (संवाददाता)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सरकारी स्कूलों में होने वाले दाखिले में बच्चों की संख्या में गिरावट होना चिंता



की बात है। सरकार को शिक्षा के महत्व व जरूरत पर उचित ध्यान देना चाहिए। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि सरकार मदरसों को लेकर अपना नजरिया बदले। उन्हें अवैध बताकर बंद करना अनुचित है। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर कहा कि यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023–24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए किन्तु 2024–25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय है। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी है। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर–जरूरी व अनुचित कदम है।

निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो सरकारी स्कूलों के हालात देश के अधिकतर राज्यों में काफी खराब हैं किन्तु यूपी व बिहार में यह अति–दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय होगा। ऐसे में स्कूल शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी है। बता दें कि अवैध तरीके से चल रहे मदरसों पर कार्रवाई करते हुए सरकार उन्हें बंद कर रही है और अतिक्रमण कर बनाई गई इमारतों को ढहा रही है।

## सरकारी योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले बैंकों के खिलाफ शासन को लिखा जायेगा पत्र : डीएम

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर । कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने की अध्यक्षता में बुधवार को बैंकर्स और लोन उपभोक्ताओं की कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान डीएम ने बैंक अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी। विशेष रूप से एचडीएफसी और एसबीआई बैंक की लंबित लोन आवेदनों को लेकर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी योजनाओं में लापरवाही बरतने वाले बैंकों के खिलाफ शासन



को पत्र लिखा जाएगा। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत जौनपुर की स्थिति बेहतर है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 557 लोन आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इसमें जौनपुर प्रदेश में पहले स्थान पर है। साथ ही 475 लोन वितरित किए गए हैं, जिसमें भी जिला अव्वल है। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री का विजन है कि युवाओं को रोजगार से जोड़कर उनका मनोबल बढ़ाया जाए। कुछ प्रतिष्ठित बैंकों की शाखाएं सहयोग नहीं कर रही हैं। ऐसी शाखाओं को चिन्हित किया जा रहा है। लाभार्थियों और बैंकर्स के बीच संवाद स्थापित किया गया है। असहयोग करने वाले बैंकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## पीयू के छात्र का एनपीसीआईएल में इंटर्नशिप के लिए चयन

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग के तृतीय वर्ष के छात्र आलोक सिंह का चयन देश के प्रतिष्ठित संस्थान न्यूक्लियर पावर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनपीसीआईएल) में ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप हेतु हुआ है। यह इंटर्नशिप एनपीसीआईएल के मुंबई स्थित मुख्यालय में चार सप्ताह की अवधि के लिए आयोजित की जाएगी। आलोक सिंह का यह चयन



उनकी तकनीकी दक्षता, उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और निरंतर मेहनत का परिणाम है। इस प्रशिक्षण के दौरान वे अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं में प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करेंगे तथा न्यूक्लियर पावर परियोजनाओं पर प्रत्यक्ष रूप से कार्य करने का अवसर मिलेगा। यह अनुभव न केवल उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, बल्कि विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाई प्रदान करेगा। इस उपलब्धि पर बुधवार को विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने आलोक को बधाई देते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य छात्र भी इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ेंगे। संकायाध्यक्ष प्रो. सौरभ पाल तथा विभागाध्यक्ष डॉ. विक्रांत भटेजा ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आलोक के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आलोक सिंह की यह उपलब्धि यह सिद्ध करती है कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने में सक्षम हैं और वे देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।

## समर कैंप से बच्चों के अंदर अभिरुचियों एवं कौशलों का विकास होता है : डॉ गोरख नाथ



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। कंपोजिट विद्यालय रन्नो में शासन के निर्देश के क्रम में समर कैंप का भव्य उद्घाटन हुआ समारोह के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल जी ने रिबन काटकर समर कैंप का उद्घाटन किया, दीप प्रज्वलन के पश्चात समर कैंप का विधिवत शुभारंभ हुआ, नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा स्वागत गीत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए तथा समर कैंप की विभिन्न गतिविधियों का भी शुभारंभ हुआ। बीएसए डॉ गोरख नाथ पटेल ने अपने उद्बोधन में समर कैंप की उपादेयता के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि समर कैंप बच्चों के अंतर्निहित की प्रतिभा को निखारने तथा उनके अंदर की अभिरुचियों तथा विभिन्न कला एवं कौशल के विकास के लिए बहुत प्रभावी होते हैं, इस तरह की गतिविधियों से बच्चों के अंदर अभिरुचियों एवं कौशलों का विकास होता है। कंपोजिट विद्यालय रन्नो की इस पहल पर समस्त विद्यालय परिवार की सराहना करते हुए उन्होंने सभी स्टाफ और बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव द्वारा समर कैंप की दस जून तक की कार्य योजना प्रस्तुत की गई। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री श्री मनोज उपाध्याय, ए आर पी मडियाहूं श्री अखिलेश यादव, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री जय सिंह यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री बंग बहादुर यादव, श्री मदन लाल यादव, विनीता यादव, जाहिरा बेगम,के के सिंह, ओम प्रकाश यादव, सरिता यादव , आलोक कुमार, आशीष दूबे,राहुल , समस्त रसोईयां, बच्चे तथा अभिभावक उपस्थित थे संचालन प्रदीप कुमार ने किया तथा विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रीति श्रीवास्तव ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## जौनपुर में रहने वाले 109 अन्य राज्यों के लोगो की जांच पड़ताल जारी,कोई गलत मिलता है तो की जायेगी शक्त कार्यवाही – शैलेंद्र सिंह



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर,। भारत–पाकिस्तान के बीच शुरू हुए युद्ध के दौरान पूरे देश में विभिन्न देशों के बाहर से आकर रहने वाले तमाम नागरिकों की तलाश शुरू कर दी गई हैं जो अपनी पहचान छुपा कर विभिन्न जनपद में रह रहे हैं। ऐसे में जनपद जौनपुर में कुल 108 लोगों को पुलिस द्वारा चिन्हित किया गया था जो पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। जबकि एक झारखंड का रहने वाला है।कुल मिलाकर 109 लोग चिह्नित किया गया है। इन सभी के पास वहीं के आधार कार्ड भी मिले हैं। जिनको पुलिस द्वारा लगातार सत्यापन कराया जाने का कार्य चल रहा है । इस मामले में बुधवार को हिन्दुस्थान समाचार प्रतिनिधि से बात करते हुए हुए अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण (नोडल अधिकारी) शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में बाहर के जो लोग रह रहे हैं जो संदिग्ध हो सकते हैं जो जनपद या देश के लिए खतरनाक हो सकते हैं ऐसे बाहर के लोग हैं जो अन्य प्रदेशों के निवासी हो सकते हैं या बहरूपिया के वेश में कोई भी हो सकता है उनके सत्यापन के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए कई टीम में लगाई गई है अभी तक 108 लोग चिन्हित किए गए हैं।इनके पास पश्चिम बंगाल का एड्रेस है उसको हम लोग सत्यापन कर रहे हैं यह सही है या गलत जबकि एक व्यक्ति झारखंड का मिला है। उसके भी डॉक्यूमेंट का सत्यापन कराया जा रहा है जल्दी हम बाहरी लोगों का सत्यापन कर लेंगे और यह निश्चित करेंगे कि हमारे जनपद में कोई बाहरी व्यक्ति ना हो अगर कोई गलत मिलता है तो उसको चिन्हित करके उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। इनका कोई रिकॉर्ड नहीं है क्योंकि यह भारत के ही नागरिक हैं यह कहीं विदेशी नागरिक नहीं है भारत में सभी लोग स्वतंत्र रूप से कहीं आ जा सकते हैं। ज्यादातर इसमें नीची जाति के लोग शामिल हैं जो जनपद के सभी क्षेत्रों में हैं अभी तक इनका कोई रिकॉर्ड हम लोग के पास नहीं था लेकिन अब ऐसे लोगों को घर–घर और एक–एक कर चिन्हित कर रहे हैं जो बाहर या अन्य प्रदेशों से आए हैं उनको सत्यापित किया जा रहा है।

## सैनिको के सम्मान में गोपालपुर बिधान सभा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा

रिपोर्टर राजकुमार जायसवाल

आजमगढ़ बिलरियागंज। स्थानीय नगर पालिका में भारत के सैनिको के सम्मान में गोपालपुर बिधान सभा के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमे क्षेत्र के लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसको मंगलवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतेन्द्र राय के नेतृत्व में सैकड़ो लोगो ने तिरंगा यात्रा निकाली । जो नये चौक से होते हुये पुराना चौक , बाजार खास , कासिमगंज से होते हुए शहाबुद्दीनपुर में जाकर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा में लोगो द्वारा भारत माता की जय के नारो से पूरा क्षेत्र देश भक्ति से भर गया। वही भाजपा नेता सतेन्द्र राय ने कहा की देश के सैनिको का सम्मान




सर्वोपरि है। आज हमारे देश के सैनिको के कारण ही हमारी बहनो की सिंदूर का बदला पूरा हुआ, जिससे हमारे देश के दुश्मनो को उसका मुहतोड़ जबाब मिल गया। इस मौके पर रामसागर सिंह, राकेश सिंह ,मण्डल अध्यक्ष दीपक मिश्र , मण्डल अध्यक्ष रुद्र प्रकाश राय, अभिषेक राय, बबलू राय, चन्द्रपाल सिंह,लालजी सिंह,डॉ सुनील जायसवाल सन्तोष रायअ,दिलीप गुप्ता,वीरेंद्र विश्वकर्मा, आलोक गुप्ता,दयाशंकर यादव, अमरीश दुबे, सूर्यभान सोनकर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## मंगलवार की देर शाम महिला एसओ आशा शुक्ला ने विभिन्न चौराहों पर किया पैदल गस्त



अयोध्या।मंगलवार की देर शाम महिला थानाध्यक्ष आशा शुक्ला ने शहर के रिकाबगंज सहित कई प्रमुख मार्गो तथा चौराहों पर पैदल गस्त किया।इस दौरान उन्होंने सड़क के दोनों ओर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटवाया।इसके अलावा उन्होंने यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले कई वाहन चालकों पर शिकंजा कसा।उन्होंने रिकाबगंज चौराहा,चौक, सुभाष नगर फतेहगंज,नियावां, सिविल लाइन सहित कई प्रमुख चौराहों पर पैदल गस्त किया।इस मौके पर महिला थानाध्यक्ष ने इन चौराहों पर मौजूद खासकर महिलाओ व बालिकाओं को शासन द्वारा चलाई जा रही अति महत्वपूर्ण योजनाओं मे शामिल जैसे विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन एवं सुकन्या योजना और हेल्पलाइन नंबर के बारे में महिलाओं को जागरूक किया।इसके अलावा उन्होंने उन्हें किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता हेतु विमेन पावर लाइन 1090, यूपी 112, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर अपराध 1930 के बारे में बताया गया।इस मौके पर उप निरीक्षक संजीव मिश्रा,महिला उप निरीक्षक सोनी,प्रिया, कांस्टेबल शशिलता ,रितु,सोनी, लक्ष्मी,नेहा मिश्रा,रोली,रंगीता साहनी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रही।

## दोस्तों संग पोखरा में नहाने गए सगे भाइयों की डूबने से मौत

ब्यूरो प्रमुख

विश्व प्रकाश श्रीवास्तव जौनपुर ,20 मई ।गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नयनसंड गांव के बगल में स्थित दशरथा गांव में मंगलवार को दोस्तों के संग नहाने गए दो सगे भाइयों की पोखरे में पैर फिसल कर गहरे पानी में चले जाने की वजह से मौत हो गई। नयनसंड निवासी स्वर्गीय धीरज राय के दो पुत्र ओम राय (13) अर्जुन राय (11) मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे अपने दोस्तों के साथ बगल के गांव दशरथा में स्थित पोखरे पर खेलते समय नहाने चले गए। जहां पैर फिसल जाने से गहरे पानी में चले जाने की वजह से दोनों डूब गए। दोस्तों द्वारा शोर मचाने पर बगल में क्रिकेट खेल रहे युवक भागकर मौके पर पहुचे तथा ओम राय को बाहर निकाला जबकि अर्जुन राय गहरे पानी में पोखरे की तलहटी में चला गया था जिसे युवको ने लगभग आधे घंटे की मेहनत के बाद बाहर निकालने में सफलता पाई। मौके पर पहुंचे गौराबादशाहपुर थानाध्यक्ष फूलचन्द्र पाण्डेय ओम राय को तुंरत अपने सरकारी जीप से लेकर चोरसंड सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थोडी देर बाद अर्जुन को भी लेकर ग्रामीण सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों ने बताया कि उसकी मौत पहले ही हो चुकी है। घटना के पश्चात गांव में कोहराम मच गया। जबकि मां प्रियंका राय का रो रो कर बुरा हाल हो गया। प्रियंका के तीन बच्चे थे जिसमे सबसे बडी बेटी वर्तिका राय 15 वर्ष ही अब जीवित है।

## देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन भारत के सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया : भूपेंद्र चौधरी

हरदोई(अम्बरीष कुमार सक्सेना)

लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की विरासत के सम्मान कार्यक्रम षत्रिशताब्दी स्मृति अभियानष संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में हरदोई पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना पूरा जीवन भारत के सांस्कृतिक उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। अहिल्याबाई के मन– मस्तिष्क में हमेशा भारत बसता था। सही मायने में राष्ट्र क्या होता है, इसकी छवि हमें अहिल्याबाई होल्कर में दिखती है। नगर के जे. के पब्लिक स्कूल में आयोजित



पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन एवं संचालन सत्येंद्र राजपूत ने किया। संगोष्ठी में लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के शासन, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण में उनके प्रभाव, उनके दूरदर्शी नेतृत्व, परोपकार और सांस्कृतिक योगदान को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि वीरांगना अहिल्याबाई होल्कर अपनी प्रतिबद्धता में अडिग रहीं और एक प्रभावी प्रशासक, योद्धा और आर्थिक तथा सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अग्रणी के रूप में ख्याति अर्जित की। उन्होंने आधुनिक समय में व्यापक भारतीयता के लिए काम किया। कहा कि, देवी अहिल्याबाई का जीवन एक सशक्त नारी का जीवन रहा, जिससे सभी छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। वह वीरता, प्रजावत्सलता और दूरदर्शिता की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपनी प्रजा को उद्यमिता, न्याय प्रियता आदि सिखाई जो हम सबके लिए अनुकरणीय है। कहा कि अहिल्याबाई ने अपना पूरा जीवन समाज के लोगों की भलाई के लिए व्यतीत कर दिया। अहिल्याबाई ने विधवा महिलाओं के लिए बहुत कार्य किया और इसके तहत उस समय की कानून व्यवस्था में कुछ परिवर्तन भी किये। उस समय मराठा प्रांत में ऐसा कानून था कि अगर कोई महिला विधवा हो जाए और उसका कोई पुत्र ना हो तो उस व्यक्ति की संपत्ति उसकी पत्नी को ना मिलकर सरकारी खजाने में जमा कर दी जाती थी, लेकिन अहिल्याबाई ने इस कानून को बदलकर विधवा महिलाओं को अपने पति की संपत्ति को लेने का हकदार बनाया। कहा कि भाजपा सरकार पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्या बाई जैसी भारत की दिव्य विभूतियों के आदर्शों को स्मरण कर जनकल्याण योजनाओं के जरिए महिला सशक्तिकरण के लिए सदैव समर्पित रही है। भाजपा के मूल में जनसेवा है। संगोष्ठी में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर भारतवर्ष के आसमान में चमकता वह सितारा है जिनके कार्यों को लोग युगों युगों तक याद रखेंगे। उनके भारतवर्ष को दिए गए योगदान को लोग कभी भी भूल नहीं पाएंगे। अहिल्याबाई होलकर ने समाज हित और देश हित को सर्वोपरि रखा ।महारानी अहिल्याबाई होलकर भारत के मालवा साम्राज्य की मराठा होलकर महारानी थी। अहिल्याबाई होलकर एक ऐसा नाम है जिसने अपने बलबूते पर भारतीय परंपरा तथा संस्कार की रक्षा हेतु तथा धर्म, समाज और राष्ट्रहित के लिए कुछ ऐसे कार्य किये कि उनका नाम इतिहास के पन्नों में अमर हो गया। महारानी अहिल्याबाई शिव भगवान की परम भक्त थी और उनकी अनन्य भक्ति की झलकियाँ उनके जीवन में समय–समय पर दिखती रही है। मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि देश आज पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की ३००वीं जयंती मना रहा है। अहिल्या बाई होल्कर महिला सशक्तिकरण की एक सशक्त उदाहरण है। अहिल्या ने अपने जीवन में कभी भी हार नहीं मानी। वे हर मुसीबत का मुकाबला साहस और बुद्धिमत्ता के साथ करती थीं। उन्होंने कभी भी विपरीत परिस्थितियों के आगे अपना सिर नहीं झुकाया बल्कि और अधिक मजबूत व्यक्तित्व के रूप में निखरकर सबको अचंभित कर दिया। अहिल्याबाई के जुझारू स्वभाव की झलक उनके सम्पूर्ण जीवन की यात्रा में कई बार मिलती है। मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास में एक महान हस्ती हैं, जिन्हें प्रगतिशील शासन और उनके द्वारा शुरू किए गए दूरगामी सामाजिक सुधारों के लिए जाना जाता है। 1767 से 1795 तक शासन करते हुए।

## अहिल्याबाई का जीवन सदैव प्रेरणादायी रहा है : अरुण सिंह

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। होलकर वंश की वीरांगना रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा एक संगोष्ठी होटल रिवर व्यू मे आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं राज्यसभा सदस्य अरुण सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्र ने किया । मुख्य अतिथि अरुण सिंह ने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन देश के लिए सदैव प्रेरणादायी रहा है उन्हें एक वीरांगना और शासक के साथ सामाजिक सुधारक के रूप में याद किया जाता है उन्होंने न केवल एक बड़े भूभाग पर शानदार शासन किया बल्कि पूरे भारतवर्ष में घूम–घूम धार्मिक एवं समाज सुधार के अनगिनत कार्यों को पूरा किया। उन्होंने आगे बताया कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, काशी विश्वनाथ आदि तमाम धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार एवं मंदिरों के निर्माण में अहिल्याबाई होल्कर का महत्वपूर्ण योगदान रहा ऐसे में भारतीय जनता पार्टी उनकी 300 वीं जयंती को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से देशभर में जन सहयोग से मना रही है और जन जन तक उनके कार्यों को भी पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने इतने सालों में अहिल्याबाई जैसी महान विभूतियों को याद तक नहीं किया उसका सम्मान नहीं किया, लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसको लेकर सोचा और देश भर में कार्यक्रम किया जा रहा है।

विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चोंडी गाँव में जन्मी अहिल्याबाई होलकर एक साधारण परिवार से थीं उनके पिता मनकोजी राव शिंदे गांव के मुखिया थे एक युवा लड़की के रूप में उनकी सादगी और सुचरित्र के संयोजन ने मालवा क्षेत्र के राजा मल्हार राव होलकर का ध्यान उनकी ओर आकर्षित किया। वे युवा अहिल्या से इतने प्रभावित थे कि 1733 में जब वे मुश्किल से आठ साल की भी नहीं



हुई थीं, तब उन्होंने उनका विवाह अपने बेटे खंडेराव होलकर से करवा दिया। राज्य मंत्री गिरीश चंद यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के उपलक्ष्य में बीजेपी द्वारा प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है अहिल्याबाई के त्याग, सेवा, न्यायप्रियता और समाज कल्याण के कार्यों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया जा रहा है और उनके आदर्शों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। वह एक बहुत ही योग्य शासक और प्रबंधक थीं जिन्हें अपने जीवनकाल में बहुत सम्मान प्राप्त हुआ उनकी मृत्यु के बाद कृतज्ञ लोगों द्वारा उन्हें एक संत के रूप में माना गया। क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने कहा कि होलकर वंश की महान शासिका रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती को विशेष रूप से स्मरणीय बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी 21 से 31 मई तक पूरे प्रदेश में विशेष अभियान चलाया जायेगा इस अभियान के जरिए न सिर्फ अहिल्याबाई की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक विरासत को जनता के बीच प्रस्तुत करना है। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने बताया कि 300 वीं जयंती को देशभर में प्रमुखता से मनाए जाने का कार्यक्रम पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की ओर से जारी किया गया है।

राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने बताया कि इस अभियान के दौरान प्रदेश भर में महिला जनसंवाद, प्रतियोगिताएं और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता रानी अहिल्याबाई के न्यायप्रिय प्रशासन, मंदिरों के जीर्णोद्धार, धार्मिक–सांस्कृतिक उत्थान और उनके दूरदर्शी नेतृत्व को आम जनता तक पहुंचाएंगे साथ ही, इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार के षविकास भी, विरासत भीष के सिद्धांत को भी प्रचारित किया जाएगा। इसके उपरांत वह तिरंगा यात्रा में शामिल हुए उनके नेतृत्व में ही तिरंगा यात्रा निकाली गई तिरंगा यात्रा सद्भावना पुल से होते हुए कलेक्ट्रेट कैंपस में स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित कर समाप्त हुआ। उन्होंने तिरंगा यात्रा पर बोलते हुये कहा कि भारत ने सीमा पार हमलों को रोकने और उनका प्रतिरोध करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया। यह कार्रवाई नपी–तुली और बिना उकसावे वाली रही। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद ही मोदीजी ने सेना को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी थी ऑपरेशन सिंदूर बहुत सोच–समझकर किया गया है।

## डीएम ने जल जीवन मिशन ग्रामीण अंतर्गत चल रही परियोजना हेतु चिन्हांकित जमीन का किया निरक्षण

जौनपुर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा ब्लॉक बदलापुर के ग्राम मछली गांव में जल जीवन मिशन ग्रामीण अंतर्गत चल रही परियोजना हेतु चिन्हांकित जमीन पर प्रगति कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि कार्य कई दिनों से बंद है जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि इसके पूर्व भी दो स्थानों पर जमीन चिन्हांकन किया गया था परंतु सलाइन वॉटर होने के कारण




ग्राम मछली गांव में परियोजना हेतु जमीन चिन्हित किया गया है। जहा पर जल जीवन मिशन अंतर्गत परियोजना का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी बदलापुर सहित स्थानीय निवासी उपस्थित रहे।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।